गैर मामूली मैलिग्नेंट और मैलिग्नेंट फाईलोड्स ट्यूमर

फाईलॉइड्स ट्यूमर क्या होता है

फाईलॉइड्स ट्यूमर ऊतकों की एक प्रकार की सख्त गांठ होती है जो स्तन के समर्थक ऊतक स्ट्रोमा में प्रदर्शित होती है। ऐसा माना जाता है कि इसका विकास प्राकृतिक रूप से स्तन की आयु बढ़ने और उसमें होने वाले परिवर्तनों के कारण होता है।

एक बार फाईलॉइड्स ट्यूमर बन जाने के बाद यह बहुत तेजी से विकसित हो सकता और बहुत बड़ा हो सकता है। कभी.कभी इसके कारण उस क्षेत्र के ऊपर की त्वचा लाल हो जाती है या सूज जाती है।

हालांकि यह महीला को किसी भी उम्र में प्रभावित कर सकता है, फाईलॉइड्स ट्यूमर 40 और 50 वर्ष की आयु वाली महीलाओं जिनका मासिक धर्म अभी भी समाप्त नहीं हुआ है में सबसे सामान्य है। इस बात की बहुत कम संभावना होती है कि एक साथ दो विकसित हो जाएँ लेकिन यह संभव है।

फाईलोड्स ट्यूमर आम नहीं हैं और आमतौर पर यह कैंसर रहित होते हैं, हालांकि यह कभी.कभी मैलिग्नैंट कैंसर होता है। इन्हें तीन प्रकार में समूहीकृत किया जाता है:

- सौम्य (बिनाइन)
- गैर.मामूली मैलिग्नैंट
- मैलिग्नैंट

गैर-मामूली मैलिग्नैंट और मैलिग्नैंट फाईलॉइड्स ट्यूमर का निदान किस प्रकार किया जाता है?

गैर-मामूली मैलिग्नैंटध्मैलिंगनैंट फाईलॉइड्स ट्यूमर दुर्लभ प्रकार के स्तन कैंसर हैं। इनका निदान करना मुश्किल हो सकता है क्योंकि इसे स्तन की अन्य समस्याएँ समझा जा सकता है जैसे कि फाइब्रोएडीनोमा।



फाईलॉइड्स ट्यूमर (बायां स्तन) - मैमोग्राम (सीसी और एमएलओ दृश्य)

सौजन्य सेः किम्स-उषालक्ष्मी स्तन रोग सेंटर, हैदराबाद

www.breastcancerindia.org

हालांकि यह किसी भी आयु में महीला को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन फाईलॉइड्स ट्यूमर 40 और 50 वर्ष की आयु वाली महीलाओं जिनका मासिक धर्म अभी भी समाप्त नहीं हुआ है में सबसे सामान्य है।

फाईलोइड्स ट्यूमर आमतौर पर स्तन में एक बढ़ती हुई गांठ के रूप में सुस्पष्ट हो जाता है। त्री-मूल्यांकन की आवश्यकता होते है - स्तन का क्लिनिकल परीक्षण, द्विपक्षीय मैमोग्राम और अल्ट्रासाउंड निर्देशित कोर नीडल बायोप्सी।

कभी-कभी गांठ निकालने के लिए ऑपरेशन की भी आवश्यकता हो सकती है ताकि निश्चित तौर पर इसका निदान किया जा सके।

गैर-मामूली मैलिग्नैंट और मैलिग्नैंट फाईलॉइड्स ट्यूमर का ईलाज क्या है?

सर्जरी

दो विकल्प

1. स्तन-संरक्षण सर्जरी
2. स्तन पुनर्निर्माण के साथ (या) इसके बिना मैस्टेक्टॉमी

स्तन को सुरक्षित रखते हुए की जाने वाली सर्जरी-
वाइड लोकल एक्सीजन



चित्र 1 चित्र 2

ਦਿਆਲਤਾ: ਛਾਤੀ ਦੇ ਕਸਰ ਕੇਅਰ, ਯੂਕੇ

चित्र 1: स्तन में ट्यूमर की स्थिति

चित्र 2: वाइड लोकल एक्सीसन के बाद दाग की स्थिति का उदाहरण

सर्जरी का उद्देश्य पूरे ट्यूमर और उसके चारों ओर स्थित स्तन के सामन्य ऊतकों की मार्जिन (बॉर्डर) को निकालना होता है। यह महत्वपूर्ण है कि गांठ निकाले जाते समय स्वस्थ्य ऊतकों का स्पष्ट मार्जिन हो, क्योंकि इससे ट्यूमर के पुनरू उत्पन्न होने का जोखिम कम हो जाता है। यदि पहली सर्जरी में स्पष्ट मार्जिन प्राप्त नहीं होता है, तो आमतौर पर बाद में फिर से सर्जरी कराने की सलाह दी जाती है।

स्तन को निकलना
मैस्टेक्टमी



चित्र 3 चित्र 4

ਦਿਆਲਤਾ: ਛਾਤੀ ਦੇ ਕਸਰ ਕੇਅਰ, ਯੂਕੇ

चित्र 3:स्तन में ट्यूमर की स्थिति

चित्र 4: मैस्टेक्टॉमी के बाद दाग की स्थिति का उदाहरण

यदि ट्यूमर बहुत बड़ा है और वह स्तन के एक बड़े हिस्से को घेरे हुए है, तो मैस्टेक्टॉमी की सलाह दी जाती है।

अन्य प्रकार के स्तन कैंसर के विपरित, गैर-मामूली मैलिग्नैंट फाईलॉइड्स ट्यूमर बहुत कम ही कांख (एक्सिला) के नीचे लसिका ग्रंथियों मैं फैलते हैं, इसलिए इन्हें सर्जरी के दौरान अक्सर निकाला नहीं जाता है।

क्या सर्जरी के बाद किसी अतिरिक्त (सहायक) उपचार की आवश्यकता होती है?

यदि निदान में यह पाया जाता है कि आपको गैर-मामूली या लिग्नैंट ट्यूमर है, तो सर्जरी के बाद किसी भी अतिरिक्त उपचार की आवश्यकता नहीं होती है। हालांकि, यदि मैलिंग्नैंट फाईलॉइड्स का निदान किया जाता है तो ऑन्कोलॉजिस्ट से संपर्क करना आवश्यक होता है।

क्या इस प्रकार के ट्यूमर के वापस आने या फैलने की संभावना होती है?

अधिकांश मामलों में, गैर-मामूली मैलिग्नैंट या मैलिग्नैंट ट्यूमर का सर्जरी द्वारा सफलतापूर्वक उपचार किया जा सकता है। लेकिन कभी-कभी स्तन में ट्यूमर फिर से हो सकता है (जिसे स्थानीय पुनरावृत्ति के रूप में जाना जाता है)। यदि ऐसा होता है, तो आमतौर फिर से सर्जरी करान का प्रस्ताव दिया जाता है।

सर्जरी के बाद रेडियोथेरेपी कराने या फिर सिर्फ रेडियोथेरेपी कराने का भी प्रस्ताव दिया जा सकता है।

मैलिग्नैंट फाईलॉइड ट्यूमर रकत्वाहिकाओं के माध्यम से शरीर के अन्य अंगों में फैल सकता है, हालांकि अधिकांश ममलों में ऐसा नहीं होता है।

यदि मैलिग्नैंट फाईलॉइड ट्यूमर फैलता है, तो आगे के मूल्यांकन के लिए ऑन्कोलॉजिस्ट से परामर्श लेना और सबसे बेहतरीन उपचार निर्धारित करना आवश्यक है।